**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 13.10.2024** **समय : 1905**

- **गृह मंत्रालय ने चौबीस अक्तूबर को संयुक्त–राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय–ध्वज के साथ संयुक्त–राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है।**
- **कार–निकोबार में युवा उत्सव भारत एट–2047 का आयोजन किया जाएगा।**
- **भारतीय डाक की ओर से देशभर के श्रमिकों के लिए अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना का कियान्वयन किया जा रहा है।**
- **वैवाहिक धोखाधड़ी और एक स्थानीय महिला से पैसे ऐंठने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है।**
- **द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई ।**

<><><><><><>

गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से इस महीने की चौबीस तारीख को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है। मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय भवन, राज भवनों, राज निवासों, विधान परिषद भवनों, विधान सभाओं और उच्च न्यायालयों पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज नहीं लगाया जाएगा।

<><><><><><>

कार–निकोबार के नेहरू युवा केंद्र की ओर से निकोबार जिला प्रशासन और कार–निकोबार की ग्राम परिषदों के सहयोग से बाईस अक्टूबर को युवा उत्सव–भारत एट – 2047 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम तमालू गांव के प्रियदर्शनी हॉल में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जिला स्तर से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल करना तथा देशभक्ति की भावना जागृत करना है। प्रधानमंत्री ने भारत के लिए पांच संकल्प – पंच प्रण दिए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत पन्द्रह अगस्त, दो हजार बाईस को लाल किले की प्राचीर से "अमृत महोत्सव" से "अमृत काल" की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पंच प्रण से प्रेरणा लेते हुए, आजादी का अमृत महोत्सव के एक हिस्से के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान मेला प्रदर्शनी, चित्रकला, कविता लेखन, फोटोग्राफी कार्यशाला, भाषण प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। पन्द्रह से उनतीस वर्ष के कार–निकोबार द्वीप के युवा इस उत्सव में भाग ले सकते है।

<><><><><><>

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चौदह से सत्ताईस नवम्बर तक आयोजित होने वाले भारत–अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में इस वर्ष भी अंडमान निकोबार प्रशासन भाग लेगा। इस वर्ष का विषय विकसित भारत एट 2047 रखा गया है। इस सिलसिले में उद्यम पंजीकरण प्राप्त इच्छुक स्थानीय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमी और हस्तशिल्प इकाईयां अपना आवेदन भेज सकते हैं। आवेदन के साथ उद्यम पंजीकरण की प्रतिलिपि, उत्पाद की विस्तृत सूची और सेवाएं तथा अंडमान निकोबार पवेलियन में बिक्री या प्रदर्शन के लिए रखे जाने वाले नमूनों की मात्रा और प्रस्तावित मूल्य के साथ पता तथा फोन नम्बर जमा करना होगा। पूर्ण रूप से भरे गए फार्म सोलह अक्तूबर तक उद्योग निदेशालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

भारतीय डाक की ओर से देश भर के श्रमिकों के लिए अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। दो सौ नवासी रूपये तक की सालाना प्रीमियम पर पांच लाख रूपये और चार सौ निन्यानब्बे रूपये की सालाना प्रीमियम पर दस लाख रूपये तक दुर्घटना बीमा का प्रावधान योजना में किया गया है। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी डाक कार्यालय में जाकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। गैर श्रमिक लोगों के लिए पांच सौ सत्तावन रूपये की सालाना दर पर दुर्घटना बीमा करवाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए भारतीय डाक पेमेंट बैंक की श्री विजयपुरम शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

वैवाहिक धोखाधड़ी और एक स्थानीय महिला से पैसे लेने के आरोप में पुलिस ने एस.सी. अली हरमन नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अबर्डीन पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने लोकप्रिय विवाह प्लैटफार्म मुज़ ऐप्प पर उससे दोस्ती कर शादी का प्रस्ताव रखा। आरोपी ने श्री विजयपुरम की यात्रा के दौरान कथित तौर पर तत्काल आवश्यकता बताकर परिवार से तीन लाख

रूपए राशि प्राप्त की। द्वीपसमूह से मुख्यभूमि वापस लौटने के बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सभी संचार प्लैटफार्मों को ब्लॉक कर दिया। सब–इंसपेक्टर अभिषेक हलदार के नेतृत्व में अबर्डीन पुलिस की टीम ने आरोपी के खिलाफ सबूत बरामद किए। बाद में इसे महाराष्ट्र में गिरफ्तार कर लिया गया।

<><><><><><><>

जॉलीबॉय द्वीप सोलह नवम्बर से पुनः खुलने जा रहा है। प्रधान मुख्य वन पाल संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस द्वीप में प्रतिदिन करीब चार सौ लोग आ–जा सकते हैं। पर्यटक भी इस द्वीप का आनन्द उठाते हैं, जहां खूबसूरत मूंगे आकर्षण का केन्द्र है। इस द्वीप में नेचर ट्रेल भी स्थापित किया गया है। एक दशमलव सात किलोमीटर के इस नेचर ट्रेल में सेल्फी प्वाइंट भी है, जहां लोग सेल्फी ले सकते हैं। कई किस्म के वृक्ष भी है, जो पर्यटकों को काफी आकर्षित करेगा। इससे पारि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस द्वीप में कई सूचनाप्रद संकेतों के साथ बैठने और पारि–मैत्री झोपड़ियां आदि भी उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>

डॉलीगंज स्थित होटल टी.एस.जी. ग्रैण्ड में दो दिवसीय वरिष्ठ राष्ट्रीय आरबिटर्स संगोष्ठी का आज समापन हो गया। द्वीपसमूह में शतरंज के खेल को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन कल शिक्षा विभाग के सहायक खेल निदेशक मोहम्मद इरशाद ने किया था। इस संगोष्ठी और परीक्षा में दो राज्यों के लगभग इक्कतीस प्रतिभागी शामिल हुए। परीक्षा में सत्तर प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर वरिष्ठ राष्ट्रीय आरबिटर और राष्ट्रीय आरबिटर की उपाधियां दी जाएंगी, जिसे अखिल भारतीय शतरंज फेडरेशन की वेबसाइट पर एक हफ्ते के भीतर दर्शा दिया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बीस मिलीमीटर, ननकौड़ी मे तेरह दशमलव दो, श्री विजयपुरम में चार दशमलव सात, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चार दशमलव छह और लांग आइलैंड तथा हटबे में दो–दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले छह दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग आम जनता की सुविधा के लिए अक्टूबर माह के दौरान दक्षिण, उत्तर और मध्य अंडमान जिलों की ग्राम पंचायतों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक विशेष आधार शिविर आयोजित कर रहा है। शिविर के दौरान आधार से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। पन्द्रह और सोलह तारीख को बम्बूफ्लाट–एक, सत्रह और अट्ठारह तारीख को बम्बूफ्लाट–दो, मध्योत्तर अण्डमान के हरिनगर, रामनगर और शिवपुरम में शिविर लगेगा। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि इस विशेष आधार शिविर का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सागर मित्रों की नियुक्ति की जाएगी। कोलीनपुर, स्वराज द्वीप, जंगलीघाट, गुप्तापाड़ा और छोलदारी में एक–एक पद के लिए विज्ञान विषय में बारहवीं पास उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में छः नवम्बर तक सहायक मत्स्य निदेशक, दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>